
# तिगरी गंगा धाम मेले में पंचायती राज विभाग की मुस्तैदी: साफ-सफाई पर खास जोर





**अमरोहा (सब का सपना):–** जिले में स्थित ऐतिहासिक तिगरी गंगा धाम में कार्तिक माह के पवित्र गंगा मेले का आयोजन जोरों पर है। देवोत्थान एकादशी पर गंगा पूजन और आस्था की डुबकी लगाने उमड़े लाखों श्रद्धालुओं के बीच पंचायती राज विभाग ने साफ-सफाई के पुख्ता इंतजाम किए हैं। जिला पंचायत राज अधिकारी पारुल सिसोदिया के नेतृत्व में मेले को स्वच्छ और सुव्यवस्थित बनाए रखने के लिए विशेष टीम तैनात की गई है। मेले को 22 सेक्टरों





में बांटा गया है, जहां सफाई कर्मचारियों की दो शिफ्टों–दिन और रात–में ड्यूटी लगाई गई है। ये कर्मचारी घाटों, रास्तों, पार्किंग और तंबू क्षेत्रों में निरंतर सफाई कार्य कर रहे हैं। डीपीआरओ पारुल सिसोदिया ने स्वयं देवोत्थान एकादशी पर विभिन्न सेक्टरों का निरीक्षण किया। उन्होंने कर्मचारियों को ड्यूटी के दौरान पूर्ण सावधानी बरतने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही, गंगा घाटों पर प्लास्टिक, पूजन सामग्री और अन्य कचरे को तत्काल हटाने को कहा।पारुल सिसोदिया ने कहा, "मेला क्षेत्र में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। श्रद्धालुओं की सुविधा और गंगा मैया की पवित्रता बनाए रखना हमारी प्राथमिकता है। यदि किसी कर्मचारी की लापरवाही सामने आई, तो उसके विरुद्ध तुरंत कार्रवाई होगी।" निरीक्षण के दौरान उन्होंने डस्टबिन की संख्या बढ़ाने, मोबाइल टॉयलेट की सफाई और पेयजल व्यवस्था की भी समीक्षा की।यह मेला 1 नवंबर से शुरू होकर 6 नवंबर तक चलेगा, जिसमें मुख्य स्नान कार्तिक पूर्णिमा (5 नवंबर) को होगा। प्रशासन के अनुमान से 25-30 लाख श्रद्धालु पहुंचेंगे। सीएम योगी आदित्यनाथ ने भी मेले की तैयारियों का हवाई सर्वेक्षण कर स्वच्छता पर बल दिया था। पंचायती राज विभाग की यह पहल पिछले वर्षों की गंदगी की शिकायतों को दूर करने में कारगर साबित हो रही है। श्रद्धालु स्वच्छ घाटों पर गंगा स्नान कर पुण्य लाभ ले रहे हैं और विभाग की मुस्तैदी की सराहना कर रहे हैं।

## गाली-गलौज और मारपीट के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार




**सम्भल(सब का सपना):–** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के कुशल निर्देशन में जनपद सम्भल में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना रायसत्ती पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना रायसत्ती क्षेत्र की निवासी राधा पत्नी अनिल कुमार (निवासी मवई ठाकरान) ने तहरीरी सूचना दी थी कि कुछ अभियुक्तों ने उनसे गाली-गलौज की और उनके पति द्वारा विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में थाना रायसत्ती पर सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था। पुलिस के अनुसार 2 नवंबर को थाना रायसत्ती पुलिस टीम ने मुकदमे से संबंधित मुख्य अभियुक्त पवन पुत्र रतिभान सिंह (निवासी ग्राम मवई ठाकरान, थाना रायसत्ती, जनपद सम्भल) को प्राइमरी स्कूल मवई ठाकुरान की दीवार के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने बताया कि जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा। इस तरह की घटनाओं पर सख्ती से निपटने का निर्देश सभी थानों को दिया गया है।

# तिगरी गंगा मेले में मंडलायुक्त ने डीआईजी, डीएम एसपी समेत सभी ने कृषि प्रदर्शनी का किया निरीक्षण




**अमरोहा (सब का सपना):–** जिले के तिगरी गंगा मेले में मंडलायुक्त ने डीआईजी, डीएम एसपी समेत सभी ने कृषि प्रदर्शनी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कृषि विभाग, उद्यान विभाग, पशुपालन विभाग, मत्स्य विभाग, कृषि विज्ञान केन्द्र एवं अन्य शासकीय संस्थाओं द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया। इन स्टालों पर आधुनिक कृषि उपकरणों, नवीनतम तकनीकों, जैविक खेती, ड्रिप सिंचाई, फसलों की उत्पादकता बढ़ाने के उपायों तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, कृषि बीमा योजना, पीएम किसान ड्रोन योजना आदि से संबंधित जानकारी दी जा रही थी। मंडलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मेले में आए किसानों को नई तकनीकों की व्यवहारिक जानकारी सरल भाषा में उपलब्ध कराई जाए, ताकि अधिक से अधिक किसान इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। उन्होंने कृषि वैज्ञानिकों से संवाद करते हुए नवीन प्रयोगों एवं तकनीकी नवाचारों की सराहना की और कहा कि ह्लकृषि प्रदर्शनी न केवल किसानों के लिए सीखने का मंच है, बल्कि यह आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। पुलिस उपमहानिरीक्षक मुनिराज ने मेला क्षेत्र की समग्र सुरक्षा, यातायात व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुगमता सुनिश्चित करने हेतु पुलिस प्रशासन द्वारा किए गए समुचित प्रबंधों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि अमरोहा पुलिस द्वारा अपनाई गई सुरक्षा रणनीति और सकुर्लेशन प्लान अनुकरणीय हैं। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने प्रदर्शनी में भाग ले रहे विभागीय प्रतिनिधियों से संवाद करते हुए कहा कि ह्लकृषि प्रदर्शनी किसानों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। ऐसे आयोजनों से ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त होती है और किसान नई दिशा प्राप्त करते हैं।ह्व उन्होंने किसानों से सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने और आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाने की अपील की। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने बताया कि मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। सीसीटीवी कंट्रोल रूम, ड्रोन निगरानी, गंगा घाटों पर जल पुलिस, खोया-पाया केंद्र, ट्रैफिक कंट्रोल पोस्ट एवं महिला हेल्प डेस्क जैसी व्यवस्थाएं लगातार प्रभावी रूप से संचालित हैं। उन्होंने कहा कि मेला सकुशल एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हो, इसके लिए पुलिस सतर्कता के साथ ड्यूटी पर तैनात है। निरीक्षण के उपरांत अधिकारियों ने मेला क्षेत्र का भ्रमण कर साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत, चिकित्सा एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए यह सुनिश्चित करने को कहा कि मेला में आने वाले श्रद्धालुओं और किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# राजकीय ऐतिहासिक कार्तिक पूर्णिमा गंगा मेला, तम्बूओं की नगरी में दूसरे दिन आयोजित हुई बालक एवं बालिका वालीबॉल प्रतियोगिता




**अमरोहा (सब का सपना):–** जिले के जिला खेल कार्यालय अमरोहा में आयोजित चार दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में आज दूसरे दिन आज खुली बालक एवं बालिका वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन अस्थाई स्पोर्ट्स स्टेडियम निकट कृषि प्रदर्शनी एवं जिला स्काउट गाइड गाइड शिविर राजकीय गंगा मेला तिगरी धाम में किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन उप जिलाधिकारी बृजपाल सिंह ने किया। बालक वर्ग वालीबॉल प्रतियोगिता में जनपद अमरोहा के विभिन्न ग्रामीण अंचलों और वालीबॉल क्लबों की 08 टीमों जबकि बालिका वर्ग में 07 टीमों ने प्रतिभाग किया। नाक आउट आधार पर खेली गई इस प्रतियोगिता में प्रथम सेमीफाइनल संविलयन विद्यालय मल्हूपुरा और और स्पोर्ट्स स्टेडियम माली खेड़ा टीम "बी" के मध्य खेला गया। जिसमें गजरौला की टीम ने 32 -23 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरा सेमीफाइनल मैच नेहरू स्मारक इण्टर कॉलेज रजबपुर अमरोहा और माली खेड़ा स्पोर्ट्स स्टेडियम अमरोहा के बीच हुआ जिसमें नेहरू स्मारक इण्टर कॉलेज रजबपुर अमरोहा की टीम ने संघर्ष पूर्ण मुकाबले में स्पोर्ट्स स्टेडियम माली खेड़ा को 25-23 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला संविलयन विद्यालय मल्हूपुरा और माली नेहरू स्मारक इण्टर कॉलेज रजबपुर अमरोहा के मध्य खेला गया जिसमें संविलयन विद्यालय मल्हूपुरा ने माली खेड़ा अमरोहा को कड़े मुकाबले में 21-19 से हराकर के प्रतियोगिता की विजेता टीम बनी। बालिका वर्ग का पहला सेमीफाइनल मैच गजरौला और रजबपुर के बीच हुआ जिसमें गजरौला ने आसानी से 21-08 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। दूसरा सेमीफाइनल अमरोहा और स्टेडियम के बीच खेला गया। जिसमें अमरोहा ने स्टेडियम के कड़े मुकाबले में पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। बालक वर्ग की वालीबॉल प्रतियोगिता फाइनल में असमोली और चोटीपुरा के बीच खेला गया जिसमें असमोली ने संघर्षपूर्ण मुकाबले में चोटीपुरा को 25 -23 से हराकर विजेता का खिताब अपने नाम किया। विजेता - असमोली, उपविजेता - चोटीपुरा, विजेता - संविलयन विद्यालय मल्हूपुरा, उपविजेता - नेहरू स्मारक इण्टर कॉलेज रजबपुर अमरोहा, प्रतियोगिता के विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण उप जिलाधिकारी मसीह नज्म, कृषि उप निदेशक डॉ. राम प्रवेश, जिला कृषि अधिकारी मनोज तोमर, अवनीश कुमार श्रीवास्तव ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। सभी प्रतिभागियों और सेमीफाइनल में न पहुंचे वाली टीमों को संतूर कम्पनी की ओर से संतूर किट साबुन और हैंडवाश देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में मुख्य निर्णायक डॉ संजीव कुमार चौहान, एम्पायर पुरजीत सिंह, राजकुमार सिंह, राजदीप सिंह, देवेन्द्र सिंह, सचिन पाल, रनदीप सिंह, अमित कुमार, आंचल , साक्षी तोमर, लक्ष्य त्यागी रहे। उद्घाटन समारोह कार्यक्रम और पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का संचालन डॉ 0 संजीव कुमार चौहान ने किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अश्वनी कुमार जी, प्रधानाचार्य देवेन्द्र सिंह चौहान, अजय चौहान और, सत्यवीर सिंह त्यागी, रिंकू चौहान, प्रतियोगिता के अन्त में जिला क्रीड़ा अधिकारी देशकान्त त्यागी ने अतिथियों, निर्णायक मण्डल, संतूर कम्पनी और खिलाड़ियों का हृदय से आभार व्यक्त किया।

# पुलिस परिवार परामर्श केंद्र की बैठक संपन्न 3 विवाद सुलझे, 3 परिवारों को मिलाया




**चंदौसी/संभल(सब का सपना):–** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिण अनुकृति शर्मा और क्षेत्राधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार सिंह के मार्गदर्शन में संचालित पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की बैठक चंदौसी स्थित गौशाला रोड पिंक चौकी में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बैठक की देखरेख परामर्श केंद्र प्रभारी डॉ. रुकम पाल सिंह ने की। बैठक में पति-पत्नी के बीच उत्पन्न आपसी विवादों को सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास किया गया। काउंसलरों द्वारा कुल 11 पत्रावलियों की सुनवाई की गई, जिनमें से 3 पत्रावलियों का सफलतापूर्वक निस्तारण कर दिया गया। साथ ही, 3 परिवारों को पुनः एकजुट करने में सफलता हासिल की गई, जिससे पारिवारिक सौहार्द बहाल हुआ। इस अवसर पर काउंसलर श्वेता गुप्ता, पूनम अरोरा, सब इंस्पेक्टर महेश गंगवार, हेड कांस्टेबल मनोहर सिंह, रुचि पीसी, सुधारानी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# यातायात पुलिस ने राहगीरों और वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा से जुड़ी दी जानकारियाँ

**चंदौसी/संभल(सब का सपना):–** पुलिस अधीक्षक संभल कृष्ण कुमार के कुशल निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी यातायात दीपक कुमार एवं प्रभारी यातायात के नेतृत्व में यातायात माह नवंबर 2025 के अवसर पर कस्बा चंदौसी में यातायात पुलिस द्वारा एक व्यापक जनजागरूकता अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान यातायात पुलिस टीम ने राहगीरों और वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा से जुड़ी आवश्यक जानकारियाँ दीं। लोगों को यह



समझाया गया कि थोड़ी सी लापरवाही किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है, इसलिए यातायात नियमों का पालन करना न केवल एक कानूनी दायित्व है, बल्कि जीवन की सुरक्षा की सबसे बड़ी गारंटी भी है। इस मौके पर यातायात पुलिस ने लोगों को हेलमेट और सीट बेल्ट का नियमित प्रयोग करने, गलत दिशा में वाहन न चलाने, नशे की हालत में वाहन न चलाने, तथा मोबाइल फोन का प्रयोग वाहन चलाते समय न करने की सख्त सलाह दी। पैदल यात्रियों को सड़क पार करते समय जेब्रा क्रॉसिंग, ट्रैफिक संकेतों और निर्धारित मार्गों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही पंपलेट वितरित कर यह संदेश दिया गया। सावधानी ही सुरक्षा है, यातायात ही अनुशासन का प्रतीक है। रफ्तार नहीं, जिम्मेदारी बने आपकी पहचान।ार्यक्रम के अंत में यातायात पुलिस ने आमजन से आह्वान किया कि हम सब मिलकर ऐसा माहौल बनाएं जहाँ हर सड़क पर अनुशासन हो, हर सफर सुरक्षित हो और हर घर मुस्कुराता रहे।ह्व

# सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन

**अमरोहा (सब का सपना):–** जिले में सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के अवसर पर शर्मा देवी कन्या इंटर कॉलेज, में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कालेज की प्रधानाचार्या चारू शर्मा एवं शिक्षिकाओं द्वारा लौह पुरुष सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर छात्राओं को राष्ट्र की एकता, अखण्डता और मजबूत भारत के निर्माण में सरदार पटेल के अद्वितीय योगदान के बारे में अवगत कराया गया। इस जयंती समारोह के अन्तर्गत विद्यालय स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया – जिनमें निबंध लेखन प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता तथा रंगोली प्रतियोगिता प्रमुख रहीं। छात्राओं ने सरदार पटेल के जीवन-






वृत्त, स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका, रियासतों के विलय में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका, भारत को एक सूत्र में पिरोने के उनके उत्कृष्ट नेतृत्व तथा 'एक भारत झ श्रेष्ठ भारत' की भावना पर आधारित बेहद प्रभावशाली अभिव्यक्तियाँ प्रस्तुत कीं। रंगोली प्रतियोगिता में छात्राओं ने राष्ट्रीय एकता, सरदार पटेल की प्रेरणादायी व्यक्तित्व झलक, लौह पुरुष की प्रतिमा तथा राष्ट्रीय ध्वज आदि विषयों पर अपनी कला का प्रदर्शन किया। निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता में छात्राओं के तर्क, शब्द चयन, प्रस्तुतीकरण एवं ऐतिहासिक तथ्यों की सटीकता सराहनीय रही। कार्यक्रम के अंत में निर्णायक मंडल द्वारा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आई छात्राओं को प्रधानाचार्या ने प्रमाण पत्र प्रदान किए।विद्यालय परिवार का उद्देश्य था कि छात्राएँ महान राष्ट्रीय नेताओं के विचारों एवं आदर्शों से प्रेरणा प्राप्त कर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने हेतु संकल्पित हों।ह्वइस अवसर पर पुष्पा वर्मा, जकिया, स्वेता शालिनी, शकेबा, ममता दलेला,आरोही बरीरा आदि शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

# रन फॉर यूनिटी मैराथन दौड़ का आयोजन, सरदार पटेल की जयंती पर एकता का संदेश




**रजपुरा/संभल(सब का सपना):–** विकास खण्ड रजपुरा में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर 'रन फॉर यूनिटी' मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। यह मैराथन विकास खण्ड रजपुरा मुख्यालय से कायनाथ बालिका इंटर कॉलेज तक सुबह 11 बजे से शुरू हुई। कार्यक्रम में सिपाही लाल इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मैराथन में प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विजेताओं को क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान के लिए ड्ट1500, ड्ट1000 तथा ड्ट500 की नगद धनराशि के साथ शील्ड प्रदान की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खण्ड विकास अधिकारी डॉ. आदेश कुमार रहे। अन्य प्रमुख उपस्थितों में ब्लॉक प्रमुख पति गैरिश यादव, पूर्व मण्डल अध्यक्ष बीजेपी शांति स्वरूप, प्रधानाचार्य कौशल किशोर सिंह एवं दीप चाँद पाण्डेय, अइरअ मुंशी लाल पटेल तथा हेडमास्टर अनिल कुमार शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक की कर्मठ टीम ने कुशलतापूर्वक किया। इस अवसर पर थाना अध्यक्ष कुंवरपाल सिंह, सहायक विकास अधिकारी (पं.), सहायक शिक्षा अधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी एवं विभिन्न विभागों के अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। 'रन फॉर यूनिटी' का मुख्य उद्देश्य लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय एकता, सद्भावना एवं एकजुटता का संदेश देना था। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों एवं उपस्थित लोगों को एकता की शपथ भी दिलाई गई। यह आयोजन क्षेत्र में राष्ट्रीय भावना को मजबूत करने की दिशा में एक सराहनीय कदम साबित हुआ।

# बिहार चुनाव प्रचार में कांग्रेस के स्टार कम्पेनरों में हरियाणा से सुरजेवाला व प्रदीप नरवाल शामिल

चंड़ीगढ़ : बिहार विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के हरियाणा में से मात्र दो नेताओं की चुनाव प्रचार के लिए ड्यूटी लगी है। राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला तथा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल जो हरियाणा से आते हैं इन दो नेताओं की ड्यूटी बिहार चुनाव में प्रचार के लिए लगाई गई है। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के दिग्गज नेताओं में शामिल पूर्व मुख्यमंत्री तथा नेता प्रतिपक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा उनके पुत्र दीपेंद्र हुड्डा कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह, पूर्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान, कांग्रेसी सांसद तथा राष्ट्रीय नेता कुमारी शैलजा, पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह जैसे सरीखे नेताओं के नाम भी बिहार चुनाव प्रचार के लिए जारी की गई कांग्रेस की सूची में नहीं है।

राहुल गांधी अपनी वा प्रियंका गांधी की कोर कमेटी के सदस्य प्रदीप नरवाल को आल इंडिया कांग्रेस का सचिव पद पहले से मिला हुआ है। प्रदीप नरवाल पूर्व में जेएनयू के छात्र नेता भी रह चुके हैं।प्रदीप नरवाल हरियाणा के सोनीपत जिलें के कथुरा गांव के रहने वाले है। इनकी छवि हमेशा से अंबेडकरवादी दलित नेता की रही है। मध्यम वर्गीय परिवार में जन्में प्रदीप नरवाल का जीवन संघर्ष भरा रहा है। इससे पहले प्रदीप नरवाल



हरियाणा कांग्रेस में अनुसूचित जाति विभाग के कार्यकारी अध्यक्ष भी रह चुके है। उसके बाद इन्हें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग में राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर व उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति विभाग के प्रभारी के तौर पर नियुक्त किया गया था। प्रदीप नरवाल एक साधारण दलित परिवार से हैं। गांधी परिवार की निकटता के कारण राष्ट्रीय सचिव, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी, सह प्रभारी-उत्तर प्रदेश व प्रियंका गांधी के सचिव के रूप में यूपी के सह-प्रभारी भी हैं। हरियाणा में वह दीपेंद्र हुड्डा के करीबी हैं। रणदीप सिंह सुरजेवाला हरियाणा में पूर्व मंत्री रहे हैं। राष्ट्रीय कांग्रेस में महासचिव जैसे महत्वपूर्ण पद पर आसीन हैं।कांग्रेस की राजनीति में सोनिया,राहुल व प्रियंका तीनों के अत्यन्त विश्वस्त साथियों में शामिल है।गांधी परिवार ने बिहार चुनाव प्रचार के लिए अपने विश्वस्त रणदीप सुरजेवाला व प्रदीप नरवाल पर भरोसा जताया है।इसीलिए इन दोनों के नाम स्टार प्रचारकों में शामिल हैं।दूसरी तरफ भाजपा हरियाणा के द्वारा बिहार चुनावों में पिछले 15 दिनों से कई दिग्गजों व मंत्रियों की ड्यूटियां लगाई गई हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने खुद कमान संभाली हुई है। केबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी,कृष्ण लाल पंवार,विपुल गोयल ,पूर्व मंत्री असीम गोयल लगातार वहीं चुनाव प्रचार में कमान संभाले हुए हैं।

## तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार को मारी टक्कर, युवक की दर्दनाक मौत

अबाला : अंबाला के महेश नगर क्षेत्र में अंबाला-यमुनानगर रोड पर रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में बाइक सवार व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान फड़ौली निवासी रेशम कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, रेशम कुमार मोटरसाइकिल पर सवार होकर अंबाला की ओर जा रहा था, तभी अचानक उसकी बाइक एक डंपर की चपेट में आ गई।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि वह गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 और महेश नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर



नागरिक अस्पताल अंबाला छावनी भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद मौके पर लंबा जाम लग गया, जबकि डंपर चालक दुर्घटना के तुरंत बाद फरार हो गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और फरार ड्राइवर की तलाश की जा रही है। जांच अधिकारी ने बताया कि शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया जाएगा। यह हादसा एक बार फिर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के खतरों की याद दिलाता है।

## कैंसर की चपेट में आया हरियाणा का ये जिला, इन 9 गांवों में बीमारी से जूझ रहे लोग

नूंह : हरियाणा का नूंह जिला इन दिनों कैंसर की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। जिले के 9 गांवों में अब तक 100 से अधिक लोग कैंसर से पीड़ित पाए गए हैं, जबकि 30 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। यहां सबसे अधिक मामले उन इलाकों में सामने आए हैं, जहां आसपास से ड्रेन गुजरती है या बूचड़खाने व हड्डी पीसने वाले प्लांट स्थित हैं। इस पर स्थानीय लोगों का कहना है कि इन इलाकों में गुरुग्राम कैनाल (उजीना ड्रेन) का रासायनिक युक्त पानी फसलों की सिंचाई में इस्तेमाल होता है, जिससे कैंसर फैल रहा है। विधायक आफताब अहमद ने भी इस मुद्दे को विधानसभा में उठाते हुए आरोप लगाया कि विभागों की लापरवाही के कारण स्थिति भयावह हो चुकी है।



उन्होंने बताया कि टपकन गांव से एक साल पहले पानी के सैंपल लिए गए थे, लेकिन रिपोर्ट आज तक सार्वजनिक नहीं की गई। उस समय गांव में 25 से अधिक कैंसर के मरीज थे। 2 दिन पहले डीसी अखिल पिलानी ने फैलेंडी गांव में रात्रि ठहराव के दौरान ग्रामीणों से शिकायतें सुनीं। ग्रामीणों ने बताया कि गांवों में कैंसर तेजी से फैल रहा है। इसके बाद डीसी ने स्वास्थ्य विभाग को जांच के आदेश दिए और जन स्वास्थ्य विभाग को पानी की सैंपलिंग करने के निर्देश दिए।अब स्वास्थ्य विभाग ने नूंह और पुन्हाना ब्लॉक के 9 गांवों निजामपुर, मालब, आकेड़ा, फलेंडी, टपकन, झारोकड़ी, बिछोर, रीगड़ और सटकपुरी में सर्वे शुरू किया है। आशा वर्कर, एमपीएचडब्ल्यू और सीएचओ की टीम सोमवार तक कैंसर पीड़ितों का डेटा जुटाएगी, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## किसानों, खेती को बदलती जलवायु में सशक्त बनाने के लिए नाबार्ड-सीईईडब्ल्यू ने मिलाए हाथ

नई दिल्ली/टीम डिजिटल। जलवायु अनुकूलन खेती को बढ़ाने, रिसर्च व ग्रामीण वित्तपोषण के लिए आगे कदम बढ़ाते हुए राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने काउंसिल ऑफ एनर्जी, एनवायरमेंट एंड वाटर (सीईईडब्ल्यू) के साथ एक समझौता किया है। नाबार्ड के अध्यक्ष शाजी केवी ने कहा, नाबार्ड और सीईईडब्ल्यू ग्रामीण जलवायु पर किसानों, छोटे उद्यमों के आथक विकास बढ़ावा देंगे ताकि बदलती जलवायु के अनुकूल वे खेती कर सकें। भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में स्थायी आजीविका को बढ़ावा देना, नई तकनीक, निवेश और संस्थागत क्षमता को मिलाकर ऐसे मॉडल तैयार




किए जाएंगे जिससे किसानों को मदद मिल सके। उन्होंने कहा कि, नाबार्ड लंबे समय से स्थायी ग्रामीण परिवर्तन के वित्तपोषण में अग्रणी रहा है।

उन्होंने कहा, सीईईडब्ल्यू से हमें अच्छी डेटा प्रणाली, जलवायु-अनुकूल उपकरणों से खेती को और उन्नत करने में सहयोग मिलेगा ताकि भारत के किसानों, ग्रामीण उद्यमों की अनुकूलन क्षमता बढ़े। सीईईडब्ल्यू की संस्थापक, सीईओ डॉ. अरुणाभा घोष ने कहा कि, इस साझेदारी से हम

**जलवायु अनुकूलन खेती को बढ़ाने, रिसर्च व ग्रामीण वित्तपोषण के लिए आगे कदम बढ़ाते हुए राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने काउंसिल ऑफ एनर्जी, एनवायरमेंट एंड वाटर (सीईईडब्ल्यू) के साथ एक समझौता किया है।**

किसानों, हरित ग्रामीण उद्यमों और स्थानीय संस्थानों को बदलते जलवायु में विस्तार हेतु सशक्त बनाएंगे। इस अवसर पर नाबार्ड के महाप्रबंधक नबीन कुमार रॉय सहित कई अधिकारी मौजूद थे।

## हिसार में 2 नर्स के खिलाफ FIR, इस मामले में हुई ये बड़ी कार्रवाई

हिसार : हिसार जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डाटा में डिलीवरी के दौरान लापरवाही बरतने के चलते महिला की जान चली गई। यह घटना करीब दो महीने पहले की है। अब इस मामले में पुलिस ने दो स्टाफ नर्स के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। मृतका




के पति ने शिकायत में बताया कि उसकी पत्नी गर्भवती थी। उन्हें 28 अगस्त को दोपहर करीब 12 बजे प्रसव पीड़ा होने पर डाटा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था। आरोप है कि अस्पताल स्टाफ ने मरीज को रेफर नहीं किया और वहीं डिलीवरी कराने का दबाव बनाया। स्टाफ नर्स ने जबरन बच्चेदानी पर कट लगाकर डिलीवरी कराई, जिससे आशु को अत्यधिक रक्तस्राव हुआ। शाम की ड्यूटी पर तैनात स्टाफ नर्स बिना बताए चली और रात की ड्यूटी वाली नर्स को मरीज की गंभीर हालत के बारे में कुछ नहीं बताया। रात में जब महिला की जांच की गई, तो उसकी हालत बेहद नाजुक थी। इसके बाद आशु को तत्काल अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई।

## कांग्रेस नेता को मिली 5 करोड़ की रंगदारी की धमकी, इस कुख्यात गैंग पर लगाया आरोप



जींद : हरियाणा में अपराध और रंगदारी के मामलों में बढ़ोतरी के बीच जींद जिले से सनसनीखेज मामला सामने आया है। कांग्रेस नेता और प्रमुख अस्पताल संचालक अशोक मलिक को कुख्यात रोहित गोदारा गैंग की ओर से 5 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने की धमकी मिली है। अस्पताल संचालक के अनुसार, उन्हें व्हाट्सएप के जरिए संदेश भेजा गया, जिसमें रकम न देने पर जान से मारने की चेतावनी दी गई है।उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद जींद एसपी ने उन्हें सुरक्षा मुहैया कराई है। मलिक ने प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि भाजपा सरकार अपराधियों पर अंकुश लगाने में नाकाम रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा जनता की सुरक्षा की बात करती है, लेकिन हरियाणा में अपराधी खुलेआम धमकियां दे रहे हैं।

## अपराधियों के हौसले बुलंद, लाइब्रेरी में तोड़फोड़ कर संचालक से मांगी फिरौती, पुलिस ने चंद घंटों में किया काबू

अंबाला : अंबाला छावनी सदर पुलिस ने तीन ऐसे अपराधियों को गिरफ्तार किया है जिन्होंने एक लाइब्रेरी में तोड़फोड़ कर लाइब्रेरी संचालक को डराया धमकाया और हर महीने 15000 रुपए फिरौती की मांग की गई।अगर फिरौती नहीं दी तो अंजाम भुगतने की चेतावनी दी गई। पीड़ित लाइब्रेरी संचालक ने घटना के बाद पुलिस को शिकायत दी जिसके बाद पुलिस ने FIR दर्ज कर चंद घंटों में तीन आरोपियों को काबू किया।

मामले में जानकारी देते हुए थाना छावनी सदर एसएचओ सुरेन्द्र सिद्धू ने बताया कि अमित नामक युवक ने शिकायत दी थी कि 31 तारीख की देर रात को तीन लोग आए और उसके लाइब्रेरी में तोड़फोड़ की और 15000 रुपए महीने की फिरौती मांगी गई, जब अमित ने यह कहा कि लाइब्रेरी अभी बन रही है। तब बदमाशों ने उसे कहा कि अभी बन रही है तो 15000 मांग रहे हैं काम



चलेगा तो फिरौती की रकम बढ़ाई जाएगी। इस शिकायत के आधार पर FIR दर्ज कर ली गई थी और कल शाम को तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है एक आरोपी पर पहले ही दर्ज हैं 7 मामले

गिरफ्तार आरोपियों में एक आरोपी पर पहले ही फिरौती और घर में घुसकर मारपीट व लड़ाई झगड़े के सात मुकदमे दर्ज हैं तो दूसरे आरोपी पर दो मुकदमे दर्ज हैं। फिलहाल इनको कोर्ट में पेश कर पुलिस रिमांड मांगा जाएगा और किसी भी हाल में इनको बक्शा नहीं जाएगा। वहीं SHO ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि किसी को कोई डराता धमकता है या फिरौती की मांग करता है तो वह लोग बेझिझक एसपी अंबाला या फिर थाने के सरकारी नंबरों पर व्हाट्सएप या कॉल के माध्यम से जानकारी दे सकते हैं। जानकारी देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी और अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## ठगों ने जज साहब को ही लगा दिया चूना, बैठे-बैठे लगाई हजारों की चपत... 3 महिलाओं सहित 4 गिरफ्तार

जींदः स्थानीय साइबर क्राइम पुलिस ने इंदौर में चल रहे फर्जी मैट्रीमोनियल सेंटर का भंडाफोड़ करते हुए 4 आरोपियों रितु, प्रमिला रोकड़े, प्रिया व सुरज धार्मिक को गिरफ्तार किया। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने यहां साइबर थाने में दर्ज करवाई शिकायत में बताया था कि वे अपने बेटे के लिए वधू की तलाश कर रहे थे। 10 फरवरी को उन्हें एक अज्ञात नंबर से कॉल आई जिसमें बेटे की जानकारी मांगी गई। इसके बाद अलग-अलग लोगों की कॉल आने लगीं। जो अलग अलग लड़कियों के परिवारों से मुलाकात करवाने की बात करते थे। आरोपियों ने मैट्रीमोनियल साइट की फीस के नाम पर एक बार गत 12 फरवरी को 3500 रुपए और फिर 14 फरवरी को 3500 रुपए आनलाइन ट्रांसफर करने को कहा। इस पर उन्होंने उक्त राशि आरोपियों को ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद उन्हें एक लड़की का फोटो और प्रोफाइल भेजा गया। इसके बाद अंजलि नाम की लड़की और उसकी मां बनकर महिला ने फोन पर बात की। इसके बाद कॉल सेंटर की एक महिला रिया ने बताया कि अंजलि लड़के से बात



करना चाहती है, लेकिन 2 दिन तक कोई संपर्क नहीं हुआ। शक होने पर ए.डी.जे. ने थाने में शिकायत दर्ज करवाई। ए.डी.जे. की शिकायत के आधार पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की तो पता चला कि यह गिरोह मध्य प्रदेश के इंदौर से अपना नैटवर्क चला रहा है।

जींद साइबर क्राइम थाना व इंदौर पुलिस ने की संयुक्त कार्रवाई

साइबर थाना जींद ने इंदौर पुलिस से संपर्क कर पुलिस आयुक्त संतोष सिंह के निर्देश पर मध्य प्रदेश के इंदौर में एरोड्रम थाना और साइबर थाना जींद की संयुक्त टीम गठित की। टीम ने कार्रवाई करते हुए इंदौर के कालानी नगर स्थित आरती अपार्टमेंट छापेमारी कर उक्त फर्जी मैट्रीमोनियल कॉल सेंटर का पदार्फाश कर महिलाओं सहित 4 लोगों को काबू कर लिया। इनके पास से 90 मोबाइल फोन, 5 लैपटॉप और 1.40 लाख रुपए बरामद हुए। जानकारी के अनुसार ये लोग वर-वधू को दिखाने और बातचीत करवाने के नाम पर लोगों से रुपए ठगते थे

### खबर एक्सप्रेस

## हरियाणा की ये खाप 53 गांवों में खोलेगी आधु निक लाइब्रेरी




कैथल : कैथल में आयोजित एक सम्मेलन में ढुल खाप के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष हरपाल सिंह ढुल ने घोषणा की कि खाप प्रदेश के 53 गांवों में आधुनिक लाइब्रेरियां स्थापित करेगी। इन पुस्तकालयों को गांवों के सरकारी स्कूलों से जोड़ा जाएगा, ताकि हर छात्र को पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बेहतर संसाधन मिल सकें। सम्मेलन शिक्षा, संस्कार, तकनीकी प्रगति और सामाजिक एकता को समर्पित रहा। हरपाल सिंह ढुल ने कहा कि समाज की असली तरक्की शिक्षा से होती है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़ें और लिव-इन रिलेशन जैसी प्रथाओं से दूर रहें, क्योंकि यह भारतीय समाज की मूल संरचना को कमजोर करती हैं। ढुल खाप के प्रतिनिधियों धर्मवीर ढुल, सतबीर ढुल, एडवोकेट दक्ष ढुल, मास्टर पाला राम ढुल और बलविंद्र ढुल ने भी खापों की ऐतिहासिक भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि खापों ने हमेशा देश, धर्म और समाज की रक्षा में योगदान दिया है। साथ ही, ढुल खाप ने नशा मुक्ति अभियान शुरू करने की भी घोषणा की, जिसके तहत युवाओं को शिक्षा, खेलकूद और स्वच्छ जीवन की ओर प्रेरित किया जाएगा।

## जैसे उल्लू को रोशनी से डर लगता है, वैसे ही कांग्रेस को आरएसएस से', खड़गे के बयान पर विज का पलटवार

अंबाला : सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर कांग्रेस और बीजेपी के बीच राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गांधी जी की हत्या के बाद सरदार पटेल द्वारा आरएसएस पर लगाए गए प्रतिबंध का जिक्र करते हुए



कहा कि अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सच में पटेल का सम्मान करते हैं, तो उन्हें फ़्ररर पर बैन लगा देना चाहिए। इस पर हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने तीखी प्रतिक्रिया दी। विज ने कहा कि कांग्रेस हमेशा से फ़्ररर के खिलाफ बोलती रही है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, जैसे उल्लू को रोशनी से डर लगता है, वैसे ही कांग्रेस को फ़्ररर से डर लगता है। फ़्ररर एक देशभक्त, चरित्रवान और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने वाली संस्था है, जिसे देखकर कांग्रेस की आंखें बंद हो जाती हैं। राहुल गांधी के उस बयान पर भी विज ने पलटवार किया जिसमें राहुल ने कहा था कि मोदी अमेरिका नहीं जा रहे क्योंकि वे ट्रंप से डरते हैं। उन्होंने कहा कि मोदी जी कब, कहां और किससे मिलेंगे, यह वे खुद तय करेंगे, राहुल गांधी नहीं। प्रधानमंत्री मोदी को जितने अंतरराष्ट्रीय सम्मान और पुरस्कार मिले हैं, उतने किसी भारतीय नेता को नहीं मिले। वहीं, अखिलेश यादव द्वारा नीतीश कुमार को भाजपा का चुनावी दूल्हा बताने पर विज ने चुटकी ली। उन्होंने कहा कि भाजपा ने स्पष्ट कहा है कि नीतीश कुमार मुख्यमंत्री पद के चेहरा होंगे और पार्टी जो कहती है, वह करती है। अखिलेश को समझ नहीं आ रहा कि उन्हें बार-बार दूल्हा क्यों याद आ रहा है, शायद वे अब बैंड-बाजे वालों की तरह राजनीति कर रहे हैं।

## कैदियों द्वारा बनाया गया फर्नीचर बना आकर्षण का केंद्र, मेले में आए लोगों को आ रहा खूब पसंद

यमुनानगर : यमुनानगर का विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक मेला कपाल मोचन में लगी प्रदर्शनी में जिला यमुनानगर कारागार से कैदियों द्वारा बनाया गया फर्नीचर और आयुर्वेदिक प्रोडक्ट मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। कैदियों द्वारा बनाए



गए फर्नीचर में आयुर्वेदिक प्रोडक्ट को श्रद्धालुओं ने जमकर सराहा और उसकी खरीदरी करते हुए नजर आए। कैदियों द्वारा कुर्सी, सोफा सेट, स्टूल, अलमारी, झूले आदि बहुत ही सुंदर तरीके से कारीगरी पेश करते हुए बनाया गया है। प्रदर्शनी में जिला कारागार यमुनानगर द्वारा स्टॉल लगाकर कैदियों द्वारा बनाए गए सामान का प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए श्रद्धालु भारी संख्या में कैदियों द्वारा बनाए गए सामान को देखते हुए नजर आए। सामान की सराहना करते हुए लोगों ने फर्नीचर के सामान की खरीदारी भी की। इसके साथ कैदियों द्वारा जिला कारागार में आयुर्वेदिक प्रोडक्ट भी तैयार किए है। आयुर्वेदिक प्रोडक्ट में सबसे ज्यादा कैदियों द्वारा तैयार किया गया। एलोवेरा जेल लोगों ने काफी पसंद किया है। वहीं प्रदर्शनी में पहुंचे कर्मचारियों ने बताया कि कैदियों द्वारा बड़ी मेहनत लगन के साथ फर्नीचर तैयार किया गया है और जो आयुर्वेदिक प्रोडक्ट उनके द्वारा तैयार किया गया है, उसके लिए जेल परिसर के अंदर ही लगे हुए एलोवेरा पौधों से जैल को तैयार किया गया है। एलोवेरा जैल बनाने के लिए जेल के अंदर ही मशीन लगी हुई है, इससे जैल तैयार किया जाता है। प्रदर्शनी में फर्नीचर में आयुर्वेदिक प्रोडक्ट का प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों ने बताया कि कैदियों द्वारा बनाए गए फर्नीचर में आयुर्वेदिक प्रोडक्ट को मेले में आए श्रद्धालु बहुत पसंद कर रहे हैं और उनकी खरीदी कर रहे हैं।

## हरियाणा के इस शहर में 1.80 करोड़ की लागत से बनेंगी पांच नई सड़कें



महेंद्रगढ़ः महेंद्रगढ़ शहर में नगर पालिका प्रशासन द्वारा 1.80 करोड़ रुपए की लागत से पांच सड़कों का निर्माण करवाया जाएगा। इनके बन जाने के बाद शहरवासियों को लाभ मिलेगा। इन बदहाल पांच सड़कों को जल्द ही बनाया जाएगा। इनमें ब्रह्मचारी रोड, मोहल्ला खटीकान, वार्ड न. छह, 14 की सड़कें शामिल हैं। इनके अलावा तीन मुख्य सड़कों का निर्माण कार्य शुरू किया जा चुका है। शहर के 11 हट्टा बाजार से मोदाश्रम, मोहल्ला सराय से सैनी सभा तक, खाद्य आपूर्ति विभाग से मंडी गेट नंबर एक तक रेलवे रोड का निर्माण का शुरू कर दिया गया है। नगर पालिका की ओर से डुलाना रोड पर टेंडर प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। जब तक टेंडर अलाट नहीं किया जाता, तब तक पैचवर्क करवाने की योजना बनाई है। इस माह में ब्रह्मचारी रोड, डुलाना रोड, मोहल्ला खटिकान, वार्ड नंबर छह की सड़कों के हालात सुधारने के लिए नगरपालिका की ओर से योजना तैयार की जा चुकी है। ब्रह्मचारी रोड के नव निर्माण के लिए नगरपालिका की ओर से 25.71 लाख रुपये का बजट तैयार किया जा चुका है। शहर के मोहल्ला खटीकान से 11 हट्टा बाजार वाल्मीकि मंदिर होते हुए 300 मीटर सड़क के निर्माण के लिए 18.50 लाख रुपये का बजट तय किया गया है। इसके अलावा 35 लाख रुपये की लागत से रेलवे रोड के नव निर्माण कार्य का शुभारंभ किया जा चुका है।35 लाख रुपये की लागत से वार्ड नंबर सात की चार मुख्य सड़कों का निर्माण से पूर्व पुरानी टाइलों को उखाड़ना शुरू कर दिया है। वार्ड नंबर 13 से स्टेट हाईवे 148बी तक सड़क निर्माण पर 49 लाख रुपये का बजट तय कर काम युद्ध स्तर पर चल रहा है।

